डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 96 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 18 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## ट्रैक्टर दूसरे के खेत में छोड़ गए..?

**शामगढ, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम पिछला के खेडी में एक खेत में अज्ञात लोग ट्रैक्टर छोडक़र चले गए। आशंका है कि चोरो ने एक जगह से ट्रैक्टर चोरी किया और यहां छोड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार जोरसिंह दायमा के खेत पर सुबह अज्ञात ट्रैक्टर खड़ा मिला। इधर पता चला है कि ट्रैक्टर श्यामलाल लोहार का है। रात डेढ बजे यह ट्रैक्टर चोरी किया गया था। आशंका है यह वही ट्रैक्टर है जो श्यामलाल के यहां से चोरी किया गया था।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** घर के बाहर खड़ी बाइक दिन दहाडे चोरी हो गई। टीलाखेड़ा निवासी देवेन्द्र पिता श्यामलाल माली ने पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बाइक (एमपी 14 एमएल 7568) घर से बाहर खड़ी थी। शुक्रवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला जांच में लिया।




# भूमि पूजन कर भूले..!

## चौदह माह बाद आई रिपोर्ट, अब अगले माह से शुरु होगा हादसे के पुल का काम

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। विधान सभा चुनाव में करोड़ों के कामों का भूमि पूजन किया गया। इसी में लंबे समय से चली आ रही बिल्लौद शिवना पुल का भी भूमि पूजन किया गया। लेकिन, 14 माह बीतने के बाद भी काम शुरु नहीं हो पाया है। भूमि पूजन के 14 माह बाद मिट्टी परीक्षण हुआ और अब भोपाल से रिपोर्ट आई। अधिकारियों का दावा है कि अगले माह पुल का काम शुरु हो जाएगा।**

जिले की मल्हारगढ व सुवासरा विधानसभा के गांवों को जोड़ने वाला बिल्लोद में शिवना नदी पर साढे 10 करोड का ब्रिज वर्ष 2027 तक बनकर तैयार होगा। हादसों के इस पुल पर नए पुल निर्माण के भले ही पते नहीं हो, लेकिन इसका भूमिपूजन चुनावी लाभ लेने के लिए वर्ष 2023 में विधानसभा आचार संहिता लगने से एक दिन पहले 5 अक्टूबर- 2023 को वर्तमान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया था। चौदह माह का समय बीत जाने के बाद भी अब तक निर्माण शुरु नहीं हो पाया है। कुछ दिनों पहले ब्रिज निर्माण के लिए कंपनी ने मिट्टी परीक्षण का काम पूरा किया। अब मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के बाद अब जल्द ही डिजाइन तैयार होगी। अधिकारियों का दावा है कि अगले माह से काम शुरु हो जाएगा। सबकुछ सही रहा तो माह के अंत में या फरवरी माह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बता दे कि शिवना नदी की छोटी रपट पर बड़ी पुलिया निर्माण की वर्षो पुरानी मांग चली आ रही है। नाहरगढ़-बिल्लोद क्षेत्र में शिवना की इस पुल पर 10 करोड़ 68 लाख 30 हजार रुपए की लागत में पुलिया का निर्माण होना है। दो बार लगाए गए टेंडर में किसी ने रुचि नहीं ली। तीसरी बार टेंडर करने पर इंदौर की कंपनी ने काम लिया। अप्रैल-2027 तक पुल बनाकर कंपनी को देना है।



### फैक्ट फाइल

**लागत– 10 करोड़ 68 लाख 30 हजार**
**जमीन से ऊंचाई– 9 मीटर**
**लंबाई– 250 मीटर**
**सड़क सहित लंबाई– 510 मीटर**
**निर्माण कंपनी – बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी इंदौर डेडलाइन– अप्रेल–2027 तक**
**भूमिपूजन किया– 5 अक्टूबर 2023**

### यह हुई बड़ी दुर्घटनाएं...

✼ सितंबर-2024 में उफनती शिवना की लहरों के बीच पुलिया पार करते समय बाइक सवार दंपत्ती दो बच्चों सहित बह गए थे। तीनों सहित बचाने कूदे युवक की मौत हो गई थी।

✼ इसके पूर्व हुए कार हादसे में तीन लोगों की मौत हुई थी।

✼ तत्कालीन समय में मुख्यमंत्री की सभा के लिए लोगों को लेकर आ रही बस दुर्घटना का शिकार हुई थी।

### इनका कहना...

बिल्लौद में शिवना नदी पर बनने वाले पुल के लिए बोरिंग टेस्टिंग रिपोर्ट आ चुकी है। अगले माह काम शुरु हो जाएगा।

**–प्रवीण नरवरे, एसडीओ सेतु विकास निगम**

# विवाह समारोह: हो रहा करोड़ों का कारोबार

## अंचल में 05 हजार शादियां करेंगी जीडीपी को बूस्ट

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकर संक्रांति के बाद मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो गई है।विवाह समारोह को लेकर बाजार तैयार है। इस महीने से जून माह तक शादियों के पचास से अधिक खास मुहूर्त है और इस दौरान में 5 हजार से अधिक शादियां अंचल में होगी। इस दौरान सराफा से लेकर बर्तन, कपडा से लेकर किराना, बैंड- बाजों से लेकर फोटोग्रॉफी, रिसोर्ट, धर्मशाला सहित हलवाई, केटर्स मिलाकर 400 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। यह वैवाहिक सीजन जिले की जीडीपी को बूस्ट करेंगी।

मकर सक्रांति के बाद से शहनाई बजने का दौर भी शुरू हो गया। कई समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी संपन्न होंगे। शादियों में परंपराओं के बीच आधुनिकता का समावेश भी हुआ है और मंडप से लेकर प्री- वेडिंग और हल्दी-मेहंदी के इंवेंट का बढता चलन इसे खास बना रहा है। बाजार गुलजार होने से दीपोत्सव के बाद फिर व्यापार जगत मुस्कुराने लगा है। शादियों में परंपराओं के बीच आधुनिकता के दौर में कई नए



इवेंट का चलन हो गया है। इसमें प्री-वेडिंग शूट से लेकर हल्दी-मेहंदी और मंडप के इवेंट और इस दौरान की जाने वाली साज-सज्जा के साथ कपल इंट्री, डीजे नाईट के कार्यक्रम हर शादी में हो रहे है। ऐसे में अब महिला संगीत का चलन कम हो रहा है। शादियों के कार्यक्रम में यह इवेंट खास हो गए है। शादियों के विशेष मुहूर्त वाले दिनों में शहर से लेकर जिले में सभी होटल-धर्मशाला से लेकर रिसोर्ट 6-6 माह से लेकर सालभर पहले ही बुक हो गए हैं तो बैंड-बाजों से ढोल और हलवाई को भी शादियों के लिए बुक किया गया है। वहीं किराना से लेकर कपडों की खरीददारी भी जोरों पर है। सराफा में सोने-चांदी के आभूषण शादी वाले परिवार के लोगों ने खरीद लिए। वहीं बर्तन सहित अन्य सामानों की भी खरीद खूब हो रही है।

### यह है शादियों के मुहूर्त...

साल 2025 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त जनवरी से शुरू हो रहे हैं। जनवरी में 16 से 27 तारीख तक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं. वहीं, फरवरी में 2 से 25 तारीख तक, मार्च में 1 से 12 तारीख तक, अप्रैल में 14 से 30 तारीख तक, मई में 1 से 28 तारीख तक, जून में 2 से 8 तारीख तक, नवंबर में 2 से 30 तारीख तक, और दिसंबर में 4 से 6 तारीख तक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

### इन चार महीनों में नहीं है कोई भी शुभ मुहूर्त...

जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं है, क्योंकि जून में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे। वहीं, नवंबर और दिसंबर में विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।





# पुलिस ने खोजे 17 लाख के मोबाईल कई लोगों के चेहरे खिले

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोगों के गुम मोबाईल खोजने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। जिसमें एक बार फिर 17 लाख से ज्यादा के 97 मोबाईल खोजकर मोबाईल मालिकों को सौंपे। जिससे कई लोगो के चेहरे खिल उठे।

पुलिस ने बताया कि वर्तमान परिवेश में आम जन द्वारा अपने महंगे एवं कीमती मोबाईल फोन स्वयं की लापरवाही अथवा अतिव्यस्तता या अन्य किसी कारण या भूलवश गुम हो जाते हैं। ऐसे प्रकरणों में पीड़ित को आर्थिक हानी तो होती ही हैं साथ ही साथ उसके साथ सायबर अपराध घटीत होने का भी अंदेशा रहता हैं। इस प्रकार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि को ध्यान में रखते गुम मोबाईल फोन ढूंढने के लिए ऑपरेशन गुम मोबाईल नामक विशेष अभियान चलाया गया। इसके लिये टीम का गठन किया गया। वरीष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में सायबर सेल टीम द्वारा गुम मोबाईल फोन के प्राप्त आवेदनों पर त्वरित रूप से कार्यवाही प्रारंभ करते हुए तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जानकारी एकत्र की गई। मंदसौर पुलिस की सायबर टीम के द्वारा लगभग तीन माह में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत 17 लाख 20 हजार रुपए कीमत के कुल 97 मोबाईल फोन दस्तयाब कर उनकेवास्तविकस्वामीत्व को हस्तांतरित किये गए। मोबाईल वितरण के उक्त आयोजन के साथ ही पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा आम नागरिको को सायबर अपराध विशेषकर सायबर फ्राड के संबंध में जानकारी प्रदाय कर सायबर फ्राड से बचने हेतु जागरूक होने एवं उनसे बचाव हेतु विशेष सावधानी बरती जाने हेतु अवगत कराते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये।

# राशि दुगनी करने का झांसा देकर ठगे थे दस लाख रुपये

## चार बदमाश गिरफ्तार, चार लाख रुपए बरामद

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंट थाना पुलिस ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के एक व्यक्ति के साथ रुपए डबल करने का लालच देकर 10 लाख रूपयें की ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार लाख रुपए बरामद किए है। वहीं चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिकार को रूपए दो गुना करने का लालच देकर, असली नोट को टिंचर में डुबोकर काले नोट कर वह नोट दिखाकर, काले नोट को गर्म पानी से धोकर या चुने से साफ करके बाजार में चलाकर झांसे में लेते थे। आरोपी शेर बादशाह के खिलाफ थाना हतुनिया एवं जिला प्रतापगढ में धारा 420 भादवि तथा थाना नई आबादी मंदसौर में 25 आर्म्स एक्ट तथा बब्बर हुसैन के विरूद्व थाना घाटोल जिला बांसवाड़, थाना नाहरगढ जिला मंदसौर एवं पुलिस थाना नीमच केंट में धारा 420 भादवि के प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

### यह है मामला...

फरियादी भास्कर पांडुरंग निवासी ग्राम मुरक्षदापुर वीरगाव जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र के साथ दस लाख की ठगी की गई। भास्कर को उसके मित्र के परिचित मनोज मोरे निवासी लासुर स्टेशन तह.गंगापुर जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र ने नीमच में रुपया डबल करने वालों के बारे में बताया। इसके बाद मित्र राव साहेब बारकुबुट्टेव मनोज मोरे के साथ भास्कर 11 जनवरी को नीमच आया। यहां प्रायवेट बस स्टैंड पर शेर बादशाह उर्फ संजु, बब्बर हुसैन, सुल्तान खान एवं राजेश जाट से मिलाया। भास्कर को कहा कि यह लोग रुपया डबल कर देते हैं। आरोपियों ने कहा कि रुपए हम केमिकल लगा करके एक प्रक्रिया करके डबल कर देते है। तब भास्कर ने दस लाख रुपए दिए। आरोपियों ने उनके साथ लायी थैली में रखे काले नोटो की गड्डी दिखाई और कहा कि ये तुम्हारे 20 लाख रुपए है। इसके बाद चारों कार से वहां से निकल गए। उनके साथ मनोज मोरे भी चला गया।

### पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे...

पुलिस ने बताया कि ठगी की वारदात की गंभीर घटना के खुलासे के लिये सायबर सेल टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर प्राप्त फुटेज का विश्लेषण किया। सीसीटीवी कैमरो तथा अन्य तकनीकी संसाधनों एवं आसूचना तंत्र से प्राप्त इनपुट के आधार पर इस प्रकार की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के मंदसौर, बिल्लोद एवं प्रतापगढ क्षेत्र के होने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा प्राप्त जानकारी एवं मुखबीर सूचना के आधार पर शेर बादशाह उर्फ संजु मुसलमान, बब्बर हुसैन, सुल्तान खान एवं राजेश जाट को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### इस तरह फंसाते हैं लोगो को...

पुलिस ने बताया कि ठगी की वारदात को अंजाम देने के लिये दूरस्थ क्षेत्रों के भोले भाले लोगो को अपना शिकार बनाकर उन्हे रूपयें दो गुना करने का लालच देते थे। आरोपी अपने शिकार को असली नोट को टिंचर में डुबोकर काले नोट कर उसे दिखाते थे, जब उक्त व्यक्ति द्वारा काले नोट के संबंध में आरोपियो से पुछा जाता था तो ये उस काले नोट को गर्म पानी से धोकर या चुने से साफ करके उस नोट को बाजार में चलाकर शिकार को पूर्ण रूप से अपने झांसे में ले लेते थे। आरोपी शिकार द्वारा लाये हुए रूपयों एवं स्वयं द्वारा लाये हुए काले नोटो के आदान प्रदान के समय पुलिस का डर बताकर शिकार के असली नोट एवं स्वयं द्वारा लाये गये काले नोटो को लेकर रफुचक्कर हो जाते थे। शिकार हुए व्यक्ति द्वारा पुलिस में शिकायत करने की जानकारी लगते ही दलालों के माध्यम से शिकायकर्ता से मध्यस्तता कर उसे कुछ रुपये वापस कर लिखा पढ़ी करवा लेते थें।

## मामला अंतर्राज्यीय साइबर ठगों की टीम पकड़ने का...

# मंदसौर पुलिस टीम को 50 हजार का ईनाम

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दिनों पूर्व नपाध्यक्ष के बेटे सूरज गुप्ता के साथ फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर बड़ी ठगी की गई। ठगी को अंजाम देने वाले साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ठगी गई राशि का एक बड़ा हिस्सा भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस टीम की इस शानदार कार्रवाई पर पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा टीम को 50 हजार रुपए और सदस्यों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया है। बता दें कि सूरज गुप्ता निवासी मंदसौर द्वारा टाटा कंपनी की जुडियो आउटलेट फ्रेंचाइजी दिलवाने के नाम पर अज्ञात सायबर ठगों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से फरियादी से 38 लाख 67 हजार 710 रूपये की राशि धोखे से वसूल कर ली गई थी। कोतवाली पुलिस ने मामले में प्रकरण... **शेष पेज 4पर**

# अस्थाई अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला



**सीतामऊ, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को नगर परिषद का अमला श्रीराम स्कूल के सामने अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा। यहां अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। बता दें कि यहां लोगों ने अवैध रूप से टेंट लगाकर अस्थायी दुकानें खड़ी कर दी थी। जिन्हें हटाया गया।

# पेशी पर आए युवक को ससुराल वालों ने पीटा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कोर्ट परिसर में पेशी पर आये निज़ाम निवासी जावरा क़ो ससुराल वालों ने फ़िल्मी स्टाइल में जमकर पीटा। निजाम का तलाक व घरेलु हिंसा का प्रकरण मंदसौर न्यायलय में चल रहा हैं, उसी की तारीख करने के लिये निज़ाम मंदसौर आया था और ऑटो रिक्शा में बैठकर कोर्ट जा रहा था। इसी दौरान फ़िल्मी स्टाइल में 3 से 4 मोटरसाइकिल पर आये ससुराल पक्ष के युवकों ने कोर्ट रोड़ स्थित मछली मार्केट के पास नाले के यहां आटोरिक्शा के आगे बाइक लगा दी और रिक्शे में से निकाल कर निज़ाम की ऐसी पिटाई की आसपास खड़े लोगों की रूह काप गई। कुछ लोग बीच बचाव करने गए तो ससुराल पक्ष के गुंडों ने यह कहा की जो बीच में आएगा उसको काट डालेंगे। बताया गया हैं कि हमलावर दौलतपुरा के हैं। जिनके नाम फैजल रिज़वी, मोईन उनकी बहन फिजा और अन्य साथियो ने मिलकर हमला किया, निज़ाम की शादी दौलत पूरा की नेहा से हुई थी। वह वर्तमान में दौलत पूरा में आँगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं।

स्थानीय सोर्स बताते हैं की फैजल, मोईन व फिजा लड़ाकू प्रवृति के हैं। इन लोगो ने निज़ाम क़ो इतना मारा की उसके हाथ में लम्बा कट लग गया। जगह-जगह से खून बह रहा था, ऐसी घटना क़ो देखकर साफ लगता हैं की शहर में गुंडों के हौसले बुलंद हैं।

# मंदसौर का इनामी आरोपी प्रतापगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रतापगढ़ जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित हिस्ट्रीशीटर वसीम पिता इस्माइल उर्फ पुनाजी को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी प्रतापगढ़ पुलिस की गश्त के दौरान हुई, जब आरोपी को हाईस्कूल ग्राउंड के पास संदिग्ध गतिविधियों के चलते पकड़ा गया। मंदसौर पुलिस ने वसीम पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

बता दें कि तस्कर वसीम का पहले भी मध्यप्रदेश के युवाओं को ड्रग्स बेचने के मामले में नाम सामने आ चुका है। वर्ष 2023 में भी सालमगढ़ थाना क्षेत्र में ही इंदौर के रहने वाले रसूखदार परिवार के युवा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार हुए थे। उनको भी ड्रग्स वसीम ने अपने ही घर पर पिलाई थी और सप्लाई भी की थी। जिस पर पुलिस ने वसीम को पूर्व में भी गिरफ्तार किया था। थानाधिकारी दीपक कुमार बंजारा ने बताया कि 11 अक्टूबर को थाना सालमगढ़ के तहत एक प्रकरण में आरोपी अंकुश और महेन्द्र के पास से अवैध ब्राउनशुगर बरामद हुआ था। इन आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उन्होंने यह ब्राउनशुगर वसीम से खरीदी थी, जो थाना अरनोद का हिस्ट्रीशीटर है। इसके बाद से वसीम फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान नीमच नाका के पास सुखाड़िया स्टेडियम में एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से छिपते देखा। जब उसे रोका गया, तो उसने अपना नाम वसीम बताया, जो थाना अरनोद का वांछित हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुष्टि हुई कि वह एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित था। वसीम को पुलिस डिटेन कर थाने पर लाई। इसके बाद उसे कोटड़ी थानाधिकारी के हवाले कर दिया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### पुलिस को दे चुका चुनौती...

वसीम सोशल मीडिया पर पुलिस और कानून के खिलाफ पोस्ट डाल कर अपने अपराधों का इकबाल कायम करने का दावा करता था। अपराधी को खुद के अपराधी होने का इतना गर्व था कि उसने पुलिस द्वारा उसको गिरफ्तार किए गए वीडियो तक को सोशल मीडिया पर वायरल कर रखा है। जिला जैल के बाहर सेल्फी लेकर कानून को धत्ता दिखाने का काम भी वसीम सोशल मीडिया के जरिए कर चुका है। वसीम लाला ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए आपराधिक गानों पर रील्स बना कर भी डालता था। वसीम ने मंदसौर जैल में बंद एक आरोपी की पत्नी को जबरन साथ रखने के लिए उस पर फायरिंग की थी, जिसमें महिला के कंधे पर गोली लगी थी। तभी से मंदसौर पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार के इनाम की घोषणा कर रखी थी। एमडी और ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहा था...। आरोपी वसीम लाला पिता इस्माइल खां पठान निवासी देवल्दी थाना अरनोद आपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके उप्रर हत्या, हत्या के प्रयास और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपी का मध्यप्रदेश में भी खौफ था, इसलिए मध्यादेश की मंदसौर पुलिस ने इस पर 10 हजार का इनाम भी रखा था। साल 2023 में जिले की सालमगढ़ थाना पुलिस ने 7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ इंदौर के 4 युवकों को लग्जरी कार के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने भी देवल्दी में वसीम के घर ही बैठकर ब्राउन शुगर का सेवन किया था और 7 ग्राम ब्राउन शुगर लेकर वापस इंदौर जा रहे थे।

# बेहतर जिला संगठन के लिए छत्रप नेताओं ने एक पखवाड़े में तीन बार दौरा किया...

**मंदसौर / उज्जैन, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी चयन के लिए इस बार प्रदेश संगठन ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। कारण प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा जिला चुनाव पर्यवेक्षक के एक पखवाड़े में ही तीन दौर हो चुके हैं। महिला या पुरुष या किसी युवा कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाएंगे, यह समय बताएगा। पर कम समय में छत्रप नेताओं के दौरों से यह तो जाहिर हो रहा है कि इस बार पदाधिकारी वे ही कार्यकर्ता बन पाएंगे जो बेहतर नतीजे दिलाने में सक्षम होंगे। नतीजे में विरोधी दलों से अधिक अंक पाने की होड़ कर सके, ऐसा नेतृत्व हर जिले में तैयार किए जाने का प्रयास संगठन कर रहा है। जिला चुनाव पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह 2 व 7 जनवरी के बाद 16 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ भी मंदसौर के ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर गए हैं। प्रदेश भर में सरकार भाजपा की है। इसलिए कांग्रेस ने अपने निजी संपर्क सूत्रों को काम पर लगाया है ऐसे नाम के चयन के लिए जिनकी साख सामाजिक स्तर से लेकर आम जनमानस में बेहतर हो। इस के साथ-साथ उसमें सांगठनिक गुण भी हो, ताकि सभी को समेट कर चल सके।



चन्द्रमोहन भगत

इस तरह के संपर्क सूत्रों को यह जिम्मेदारी भी दी गई है कि कांग्रेस के पदों पर रहकर अपनी सामाजिक हरकतें और बयानों से कांग्रेस संगठन को नुकसान पहुंचाते रहे हैं, उन्हें भी चिन्हित किया जाए। ऐसे कांग्रेसियों को जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्लीपर सेल का नाम दिया हुआ है। ऐसे कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस में रहकर भाजपा को लाभ पहुंचाने वाले काम, सार्वजनिक बयान देकर या किसी नकारात्मक घटना को अंजाम देकर करते आ रहे हैं। यह भी कि राष्ट्रीय से लेकर प्रदेशिक संगठन के लिए अपनों में ही अपने विरोधियों को चिन्हित करना मुश्किल काम होने के साथ नुकसान पहुंचाने वाला भी हो सकता है। कांग्रेस संगठन के लिए दो तरफा दुविधा जनक काम होगा ऐसा करना, अगर किसी को चिन्हित किया जाकर उस पर कार्रवाई की जाती है तब तो वही कार्यकर्ता पदाधिकारी कांग्रेस को खुलकर नुकसान पहुंचाएगा। अगर चिन्हित करने के बाद कार्रवाई किए बगैर उसे हाशिए पर किया गया, तब भी वह कांग्रेस में रहकर नुकसान पहुंचाने की हैसियत में रहेगा। दोनों में फर्क बस इतना रहेगा कि जिस पर कार्यवाही हो जाएगी, वह कांग्रेस से बाहर होकर अकेले या विरोधियों के साथ मिलकर नुकसान पहुंचाएगा।

बहरहाल प्रदेश के छत्रप नेताओं के एक पखवाड़े के तीन दौरे में अपनी प्रमाणित सक्रियता दिखाने में जिन्हें छत्रप नेताओं ने भी चिन्हित किया है। उनमें एनएसयूआई के ऋतिक पटेल के अलावा गरोठ भानपुरा के युवक कांग्रेस पदाधिकारी दुर्गेश पटेल और सुवासरा के राहुल जैन नव युवा होकर सक्रिय जन आधार जुटाने वाले और जन समस्याओं के लिए आवाज उठाने वाले कार्यकर्ता पहचाने गए हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान देकर कांग्रेस को ऊर्जावान बनाया जा सकता है।

# भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती जो हम होने नहीं देंगे, वर्तमान में प्रदेश की अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार-पटवारी

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ली जिले में जिला कांग्रेस के ब्लाकों की बैठक

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को मंदसौर जिले के दौरे पर रहे जहां चारों विधानसभा मुख्यालय पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से चर्चा की यह श्री पटवारी का यह दौरा मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी द्वारा 27 जनवरी से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू से जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत राष्ट्रीय पदयात्रा प्रारंभ करेगी। इस पदयात्रा में अधिक से अधिक कार्यकर्ता महू पहुंचे इसको लेकर श्री पटवारी की आमद मंदसौर जिले में हुई। सबसे पहले गरोठ -भानपुरा विधानसभा के भानपुरा, गरोठ, मेलखेड़ा ब्लॉक की संयुक्त बैठक गरोठ में ली जहां कार्यकर्ताओं से चर्चा की। वहीं इसके बाद सुवासरा विधानसभा के शामगढ़, सुवासरा, क्यामपुर, सीतामऊ ब्लॉक की संयुक्त बैठक सुवासरा में ली। वहीं मल्हारगढ़ विधानसभा के संजीत, मल्हारगढ़, धुंधडका ब्लॉककी व मंदसौर विधानसभा की दलोदा, मंदसौर ग्रामीण, मंदसौर शहर ब्लॉक की संयुक्त कार्यकर्ताओं की बैठक जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर देर रात ली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में इस दौरे में श्री पटवारी के साथ पूर्व मंत्री व जिला कांग्रेस प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह, जिला कांग्रेस सह प्रभारी श्री हेमंत चौहान, महिदपुर विधायक श्री दिनेश जैन बॉस, तराना विधायक श्री महेश परमार, मंदसौर लोकसभा से प्रत्याशी रहे दिलीप सिंह गुर्जर, गरोठ-भानपुरा विधानसभा के प्रत्याशी रहे श्री सुभाष कुमार सोजतिया, सुवासरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे श्री राकेश पाटीदार, मल्हारगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी रहे श्री परशुराम सिसोदिया भी साथ थे।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि पूरा मध्यप्रदेश आगामी 27 जनवरी को महू में संविधान बचाने के इस अभियान में पार्टी का कार्यकर्ता देर रात कड़ाके की ठंड में बड़ी संख्या उपस्थित होना यह बतलाता है कि पार्टी का कार्यकर्ता जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान का सहभागी बनने के लिए उत्साहित है । श्री पटवारी ने इस अवसर पर कहा



कि मंदसौर मेरा घर है, पार्टी को शहर से गांव तक मजबूत बनाना है। हर ग्राम पंचायत में पार्टी का अध्यक्ष होगा, नगर पालिका व नगर निगम में सभी वर्गों का कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयो को सक्रिय कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। श्री पटवारी ने पार्टी के संगठन में महिलाओं, अल्पसंख्यक, एससी, एसटी, ओबीसी की भागीदारी पर बल दिया, वहीं जिला स्तर पर पॉलिटिकल अफेयर कमेटी बनाई जाएगी जो पार्टी संगठन के निर्णय जिले में ही लेगी और उसे प्रदेश स्तर तक नहीं आना पड़े। श्री पटवारी ने इस अवसर पर कहा कि समझदार व्यक्ति को चिंतन करना चाहिए। देश की आजादी में लाखों लोगों ने अपनी-प्राणों की आहुति देकर आजादी की लड़ाई में भाग लिया था जिनका मजाक भाजपा के लोग आए दिन बयान देकर उड़ा रहे हैं। आज भाजपा पागल हाथी, घोड़ा हो गई है। भाजपा का व्यवहार लूट, डकैती, दलाली का हो गया हे। हमें जागरुक हो कर उस पर लगाम लगानी होगी। प्रदेश की अब तक की सबसे भ्रष्ट मोहन सरकार है उसके खिलाफ पूरे प्रदेश में प्रदर्शन जारी रहेंगे। एक वर्ष में पार्टी संगठन मजबूत हो कर उभरेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व जिला कांग्रेस प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि इतनी रात को ठंड में इतने कार्यकर्ताओं को देख कर लगता है अभी चुनाव चल रहा है कार्यकर्ताओं में जोश दिख रहा है इसी जोश को बर करार रखते हुए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता 27 जनवरी को ज्यादा से ज्यादा महू पहुंचे। श्री जयवर्धन सिंह ने कहा की पार्टी का कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपना पोलिंग मजबूत करे, यदि हम अपना पोलिंग मजबूत कर लेंगे तब जा कर राज्य और केंद्र में हमारी सरकार बन पाएगी। और कार्यकर्ताओं के कम होंगे। कार्यकर्ताओं को अभी अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। संगठन के विभिन्न पदों पर महिलाओं, युवाओं व सभी वर्गों को मौका मिलेगा। हमारी पार्टी बाबा साहब के बनाए संविधान को मानती है भाजपा संविधान को खत्म कर रही है जिसका पूरे देश में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा की पूरे जिले में कांग्रेस संगठन मजबूत है। अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता महू पहुंचेंगे। इतनी तादात में कांग्रेस कार्यकर्ता रात को आए हैं सो यह बतलाता है कि कार्यकर्ता संगठन में कार्य करने के लिए व 27 जनवरी को महू पहुंचने के लिए तैयार है। श्री जैन ने कहा कि मेरे कार्यकाल में विधानसभा चुनाव कार्यकर्ताओं ने लड़ा और हमें जीत मिली। श्री जैन ने सुझाव दिया कि मंदसौर जिले में बड़े ब्लॉक मैं पोलिंग अधिक होने से और ब्लॉक का विस्तार करने का सुझाव भी दिया। साथ ही इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा, मंदसौर लोकसभा से प्रत्याशी रहे श्री दिलीप सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने भी कार्यकर्ताओं कि इस बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया व आभार मंदसौर नगर पालिका में प्रतिपक्ष नेता श्रीमती रफत पयामी ने माना।




# आज निकलेगा श्री सकल पंच कचेलिया तेली समाज का विशाल चल समारोह एवं कलश यात्रा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री सकल पंच कचेलिया तेली (राठौर) समाज मंदसौर के तत्वावधान में भगवान श्री चारभुजानाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का भव्य पांच दिवसीय आयोजन 15 से 19 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। जिसकेतहत आज 18 जनवरी को विशाल चल समारोह एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं कल 19 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा।

उक्त जानकारी देते हुए श्री सकल पंच कचेलिया तेली (राठौर) समाज मंदसौर के ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार राठौर एवं समाज जिलाध्यक्ष सुरेश राठौर ने बताया कि भगवान श्री चारभुजानाथ मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के तहत आज 18 जनवरी को प्रात: 11 बजे बालाजी मंदिर प्रांगण कालाखेत मंदसौर से विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। बैण्ड बाजों व ढोल धमाकों के साथ इस चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहेंगे। तथा समाज की 451 मातृशक्ति कलश धारण कर चल समारोह की शोभा बढ़ायेगी। यह चल समारोह कालाखेत, मंदसौर नमकीन रोड़, बस स्टेण्ड बालाजी से भारत माता चौराहा, सदर बाजार, घण्टाघर, धानमण्डी होते हुए पंच कचेलिया राठौर तेली समाज धर्मशाला पहुंचेगा। चल समारोह मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजजनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। आज सायं 7 बजे से भव्य भजन संध्या आयोजित जिसमें जगदीशजी वैष्णव के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कल 19 जनवरी को प्रात: 11.20 से 11.50 तक अभिजीत मुहूर्त में भगवान चारभुजानाथ की प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा पंडित श्री उमेश जी जोशी के सानिध्य में होगी। साथ ही 15 जनवरी से चल रहे पंच कुंडीय महायज्ञ हेमाद्री संकल्प का समापन भी होगा। श्री सकल पंच कचेलिया तेली (राठौर) समाज मंदसौर के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश राठौर ने दी।



# कालेज चलो अभियान के अंतर्गत भ्रमण किया

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि कालेज चलो अभियान के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेशभर में कालेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केशव नगर, सी.एम राईज महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिगम्बर जैन स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालागंज मंदसौर आदि का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालयों में उपस्थित छात्राओं की महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में होने वाली स्पोर्टस, सेल्फ डिफेंन्स, कॅरियर काउन्सलिंग की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं पीपीटी के माध्यम से ई-प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा सुविधाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, छात्राओं हेतु विभिन्न छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय हितग्राही योजनाओं एवं कन्या छात्रावास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर छात्राओं को स्नातक स्तर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की ओर से भ्रमण दल में डा.अंजली जैन, डा.स्मिता मण्डलोई, डा.प्रीति मुरडिया, श्रीमती चेतना द्विवेदी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# 108 में करवाया सुरक्षित प्रसव

**गरोठ, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मिली जानकारी के अनुसार लाली बाई पति दशरथ उम्र 25 वर्ष जाती मेघवाल निवासी गरिया खेड़ी में डिलीवरी हेतु 108 में कॉल किया था सूचना मिलने पर गरोठ थाने की 108 मौके पर पहुंची एवं मरीज लाली बाई को लेकर सिविल हॉस्पिटल जा रही थी तभी रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा अधिक होने लगी महिला की स्थिति देखते हुए 108 में मौजूद स्टाफ एमटी हरीश शर्मा एवं पायलेट राकेश कमलवा रास्ते में ही 108 एंबुलेंस को रोककर सुरक्षित प्रसव करवाया जहां महिला ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया इसके बाद महिला को सिविल अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां मन और बच्ची की हालत ठीक बताई जा रही है।



# थारो म्हारो प्रेम का मेगा ऑडिशन आज मंदसौर यूनिवर्सिटी में

## वरिष्ठ लोक गायक राम अवतार अखंड जी का मालवी गीत भी होगा फिल्म में शामिल

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थारो मारो प्रेम मालवा की पहली रोमांटिक फिल्म है जिसके निर्माता और निर्देशक हैं राजेंद्र राठौर जो मूलत: सैलाना के निवासी हैं।

मालवी बोली में साहित्य का सृजन हुआ है अब उसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह ख्याति मिले जिसकी वह सची हकदार है। इस हेतु इस फिल्म में मालवी बोली में कार्य करने वाले, बोलने वाले, मालवी बोली में कंटेंट तैयार करके यूट्यूब और इंस्टाग्राम से प्रसिद्धि पाने वाले और मालवी बोली को जीने वाले सभी कला साधकों को अभिनय के क्षेत्र में रुचि रखने वालों को और स्थानीय अंचल के और मालवा अंचल के कलाकारों को भरपूर अवसर प्रदान किया जाएगा और इन कलाकारों को बॉलीवुड के कलाकारों के साथ फिल्म में काम करने का भी अनुभव प्राप्त होगा। इसी दिशा में पहले कदम में पहला मेगा ऑडिशन मंदसौर यूनिवर्सिटी में आज 11 बजे से 5 तक लिया जा रहा है जिसमें राजेंद्र जी राठौर, कास्टिंग डायरेक्टर नरेंद्र कुमार त्रिवेदी सूत्रधार, मुंबई से सुभाष चंद्र जी त्रिपाठी, लेखक दिलीप जी त्रिपाठी मौजूद रहेंगे। इस मालवी फिल्म में श्री राम अवतार मालवा के वरिष्ठ लोक गायक जिनके कई गीत प्रसिद्ध हुए हैं, कई पुरस्कारों से आपको नवाजा जा चुका है।अपने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इनसे जब सौजन्य भेंट हुई उस समय फिल्म के निर्देशक राठौर सर, श्रीमती सविता अखंड नगर महामंत्री, भाजपा इंदौर भी उपस्थित रहे। ऑडिशन में आने वाले सभी प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज का फोटो लाना है। जल्दी फिल्म का ऑडिशन इंदौर उज्जैन भोपाल झाबुआ रतलाम में भी होंगे। उक्त जानकारी फिल्म के मार्केटिंग हेड पंकज पंवार ने दी।



# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 287 मरीजों ने कराया परीक्षण

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। श्री हरिकथा आयोजन समिति एवं पेसिफिक हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन मे आयोजित नि:शुल्क सर्वरोग निदान चिकित्सा, जांच एवं ऑपरेशन शिविर में 287 मरीजों ने अपना परीक्षण कराया और चिकित्सको से परामर्श प्राप्त कर अनेक मरीजो ने दवाइयां भी नि:शुल्क रूप से प्राप्त की।**



शिविर का शुभारंभ आचार्य श्री रामानुज जी ने श्री तलाई वाले बालाजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसअवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठपत्रकार श्री ब्रजेश जोशी, वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष श्री जगदीश चन्द्र चोधरी, युवा जिलाध्यक्ष राकेश दुग्गड़, एडवोकेट श्री गौरव रत्नावत, वरिष्ठ समाजसेविका आशा अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष दिलीप सेठिया, महिला शाखा अध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल, लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, प्रदीप भाटी, आयोजन समिति अध्यक्ष श्री नरेन्द्र अग्रवाल, महासचिव सुरेश सोमानी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल उपस्थित थे। आचार्य श्री रामानुज जी ने कहा कि श्री राम कथा के माध्यम से हरि कथा आयोजन समिति ने एक पंथ दो काज किए हैं और दोनों काज ईश्वर की सेवा के समान है निशुल्क रूप से चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाना, मरीज को चिकित्सकों द्वारा देखना उनका उपचार करना दवाइयां भी निशुल्क देना और यदि मरीज कोई ऑपरेशन योग्य पाया जाता है तो उसका उपचार भी निशुल्क रूप से उदयपुर पेसिफिक हॉस्पिटल में निशुल्क करना अपने आप में एक ईश्वरीय कार्य है और दूसरा कार्य 21 कन्याओं का अक्षय तृतीया पर नि:शुल्क विवाह का जो लक्ष्य रखा गया है वह भी ईश्वरीय कार्य है। आचार्य श्री ने कहा कि पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की निशुल्क शिविरों का आयोजन कर मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टकार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना से 6.50 लाख की राशि स्वीकृत की...

# अब सुन और बोल सकेगी बेबी मिष्ठी बैरागी

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा नीमच व्दारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत आमजन को उपचार लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये हैं, इसी क्रम में मुख्यव चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने एक हितग्राही को राशि 6.50 लाख का स्वीकृति आदेश प्रदान किया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत ग्राम बरखेडा कामलिया जिला नीमच निवासी बेबी मिष्ठी पिता श्री गौरव बैरागी उम्र 4 वर्ष की आर.बी.एस.के. टीम व्दारा जांच की गई, तो पाया, कि बच्ची जन्म से सुनती नही हैं। डॉक्टअरों ने बताया गया, कि बच्चीं यदि सुन नही पायी, तो भविष्य में बोल भी नही पायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बच्चे को आर.बी.एस.के.जिला प्रबंधक श्री दिनेश मालवीय जिला चिकित्सालय नीमच के माध्यम से इन्दौर मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में योजनान्तर्गत नि:शुल्क जांच करवाई एवं छ: माह तक श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र लगाने उपरांत सुधार नही होने पर बच्ची की मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजनान्तर्गत 6.50 लाख राशि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से स्वीकृत की गई। अब बेबी मिष्ठी का उक्त राशि से इन्दौर स्थित मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय में सर्जरी एवं उपचार किया जावेगा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत 0 से 18 वर्ष के समस्त बच्चों की जन्मजात विकृतियों की सर्जरी मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में नि:शुल्क कराई जाती हैं।

# समस्या निवारण जन कल्याण शिविर लगाया

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड, जिला मंदसौर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में हर सेक्टर में एक आदर्श ग्राम का चयन किया गया है आदर्श ग्राम पिपलिया कराडिया में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में जन अभियान परिषद के द्वारा चयन आदर्श ग्राम के बारे में दिनेश सोलंकी द्वारा पूरी कार्य योजना के बारे में जानकारी दी गई जिसमें हम गांव की स्वच्छता, सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, विवाद मुक्त गांव बने, नशा मुक्ति अभियान, किसानों जैविक खेती, पर्यावरण जैसे कार्यों को हमें करना है इसके लिए नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था द्वारा एक समिति का गठन किया गया है आज सफल आदर्श गांव बनाने में आप सभी से आग्रह हैं सभी ग्रामवासी समिति का सहयोग करें और समिति की बैठकों में उपस्थित होकर आने वाली कार्य योजनाएं एवं समस्याओं का निवारण कैसे किया जाए इसके बारे में बताएं क्षेत्रीय जनपद सदस्य लालचंद गुर्जर ने इस कार्य की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस कार्य में मैं आपकी पूरी मदद करूंगा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच अंगुरबाला सूर्यवंशी, सचिव विनोद सिंह, सहायक सचिव संजय सेठिया, पटवारी नरेंद्र डाबी, महिला बाल विकास सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा बैरागी, पूर्णिमा चौधरी, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम हुसैन बानो पठान, सी एच ओ संपत कच्छावा, आशा कार्यकर्ता, आयुष विभाग से भगवती प्रसाद कुशवाहा, पशु चिकित्सालय से दिलीप नागोरे, विद्युत विभाग से रोहित चुटे, शिक्षा विभाग से नागुलाल तेनाडीवाल, प्रस्फुटन समिति से महेंद्र सिंह, विवेक पाटीदार, नाहर सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी ग्राम सेवक, आरबीआई बैंक के अधिकारी जनपद मंदसौर के अधिकारी, नाबार्ड अधिकारी, आदर्श ग्राम समिति के सभी सदस्य एवं कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आंत्रीमाता मेले का निरीक्षण कर लिया जायजा

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने शुक्रवार को मनासा क्षैत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल आंत्रीमाता जी में मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पंचायत को इस मेले में दुकानों से होने वाली आमदनी, मेले में की गई विभिन्नी व्यवस्थाओं आदि की जानकारी ली।

**कलेक्टर ने आंत्रीमाता जी के दर्शन किए-** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने शुक्रवार को आंत्रीमाता जी मंदिर में आंत्रीमाता जी के दर्शन कर, पूजा अर्चना की और जिले वासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कलेक्टंर ने आंत्रीमाता जी मंदिर से मोटर बोट के जरिए रेतम नदी के दूसरे छोर पर स्थित श्री अन्नुनाथ जी महाराज के समाधि स्थल पर भी पहुंच कर दर्शन किए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, एसडीएम श्री पवन बारिया, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीशचंद्र मालवीय, उपसंचालक कृषि श्री भगवानसिंह अर्गल, तहसीलदार श्री बी.के.मकवाना व अन्यं अधिकारी उपस्थित थे।




# पीएम आवास में मकान दिया फिर मकान का पट्टा देकर सरकार ने पिता की तरह फर्ज निभाया-कलाबाई

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के ग्राम नालछा माता की रहने वाली कलाबाई पीएम आवास प्राप्त करके बहुत खुश हैं। कलाबाई कहती है कि एक समय था जब हमारे पास मकान नहीं था। बारिश के समय में घर के अंदर पानी टपकता था। रात भर अच्छे सो नहीं पाते थे, लेकिन सरकार ने हम जैसे गरीबों की सुनी और हमको प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया। आवास के साथ-साथ हमको मकान का मालिकाना हक भी दिया और अब सरकार हमको मकान का पट्टा भी दे रही हैं। ऐसा लग रहा है जैसे एक पिता अपने बेटे के लिए जो फर्ज अदा करता है वह फर्ज सरकार अदा कर रही हैं। पट्टे से हम मकान के मालिक बन गए हैं। अब मकान पर हम लोन भी ले सकते हैं। पट्टा प्राप्त करना बहुत कठिन काम था, लेकिन सरकार ने पट्टा देकर कठिन काम को बहुत सरल कर दिया। सरकार ने हमको और भी बहुत सारी योजना का लाभ दिया है। जिससे हम गरीबों को मदद मिल रही हैं। ऐसी सरकार को हम बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।

**स्वामित्व योजना में पट्टा देकर घर का मालिक बना दिया-**मंदसौर जिले के ग्राम नालछा माता की रहने वाली संतोष बाई पति सत्यनारायण मकान का पट्टा प्राप्त करके बहुत खुश है। वे सरकार की सराहना करते हुए थकती नहीं है। संतोष बाई कहती है कि, सरकार ने बहुत ही अच्छा और गरीब के कल्याण का काम किया है। स्वामित्व योजना के माध्यम से मुझे घर का पट्टा मिला है। एक समय था जब हमारे पास पट्टा नहीं था। जिससे हमको मकान पर कोई लोन भी नहीं मिलता था। यहां तक कि हम मकान के होते हुए भी मकान के मालिक नहीं थे। लेकिन सरकार ने हम जैसे गरीबों की चिंता की है और हमको पट्टा दिया है। पट्टा देकर सरकार ने हमको मलिक बना दिया है। इनका पट्टा नंबर तीन है, संतोष बाई मकान का पट्टा प्राप्त करके बहुत खुश हैं और उनका पूरा परिवार बहुत खुश हैं।

# सर्दी के मौसम में शरीर को गरम और फुर्तीला बनाए रखने में योगासन सहायक-योग गुरू जैन

## दशपुर योग शिक्षा संस्थान व रोटरी क्लब ने आयोजित किया विशेष योग शिविर

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेहत के लिहाज से ठंड का मौसम संवेदनशील होता है। इस मौसम में जरा सी भी लापरवाही हमारे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में शरीर को गर्म और फुर्तीला बनाये रखने में योगासन काफी सहायक होता है।

उक्त बात दशपुर योग शिक्षा संस्थान व रोटरी क्लब द्वारा ठंड के मौसम के लिये आयोजित विशेष योग शिविर में रोटरी क्लब अध्यक्ष योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने साधकों से कही। श्री जैन ने साधकों को सूक्ष्म क्रियाये, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित अनेक योग आसन का अभ्यास कराया व उनके लाभ भी बताये। श्री जैन ने कहा कि सर्दियों के मौसम में शरीर को एक्टिव रखना अत्यन्त आवश्यक है। सर्दियों हमारे डाइट भी बड़ जाती है और सर्द मौसम की वजह से हम आलसी भी हो जाते है। ऐसे में शरीर के संतुलन को बनाये रखने के लिये योग का अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है।



**सूर्य नमस्कार बेहतर योगासन-** श्री जैन ने बताया कि ठंड के दिनों के लिए सूर्य नमस्कार सबसे बेहतर योगासन है। इसके अभ्यास से शरीर को ऊर्जा मिलती है और साथ ही ठंड के चलते शरीर में आई शिथिलता दूर होती है। दिल की समस्याओं का खतरा- योग गुरू ने बताया कि ठंड में रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है, जिससे ब्लॉकेज की समस्या भी आती है। इसलिए योग के अभ्यास से तन-मन के साथ दिल भी स्वस्थ रहता है।

**मांसपेशियों का दर्द होता है दूर-** आपने बताया कि सर्दियों में शरीर में वात का असंतुलन बढ़ जाता है, जिससे मांसपेशियों में अकड़न और दर्द की समस्याएं बढ़ जाती हैं है। योगा का अभ्यास शरीर में वात को संतुलित करने में मददगार होता है, जिससे मांसपेशियों का दर्द दूर होता है। योग क्रिया का प्रदर्शन योगा ट्रेनर प्रीति जैन ने दिया। स्वागत उद्बोधन योग संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने दिया। संचालन सचिव लोकेन्द्र जैन ने किया व आभार उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने माना। इस अवसर पर विजय पलोड़, बीना गर्ग, धर्मदास संगतानी, राजकुमार अग्रवाल, कृष्णादेवी मण्डलोई, नीलम जैसवानी, जापानी भावनानी, अनिल कोठारी, ललित वरमंडलवाला, कंवरलाल पाटीदार, दिनेश पारिख, गोपालकृष्ण पलोड़, प्रियंका मिण्डा, डॉ. मनीषा मेहता, लालुप्रसाद चंचोसिया, सुभाष पाटीदार, आनन्द कश्यप, आनन्द कर्म, तेजकरण गांधी, नरेन्द्र चिचानी, शौंकी कश्यप, भगवानदास लालवानी, सुरेश जैन, गोपाल पाटीदार, रामगोपाल घाटिया, अलका उदीवाल, राजेन्द्र खण्डेलवाल, गिरधर माली, प्रदीप जैन, शारदा माली, संगीता, सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित थे।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 136 | 2350 | 2705 |
| उड़द | 9 | 4700 | 5442 |
| सोयाबीन | 3000 | 3800 | 4310 |
| गैहु | 1035 | 2950 | 3201 |
| चना | 39 | 5606 | 6145 |
| मसुर | 16 | 5611 | 6011 |
| धनिया | 177 | 5901 | 7590 |
| लहसुन | 0000 | 8500 | 21000 |
| मैथी | 311 | 4210 | 5640 |
| मुंगफली | 1043 | 4000 | 4690 |
| अलसी | 593 | 5400 | 6238 |
| सरसो | 153 | 5380 | 5705 |
| तारामीरा | 3 | 4490 | 4700 |
| इसबगोल | 32 | 10120 | 11000 |
| प्याज | 6000 | 500 | 2300 |
| कलोंजी | 3 | 16771 | 16771 |
| तुलसी बीज | 1 | 15941 | 16000 |
| डॉलर | 3 | 9050 | 11650 |
| तिल्ली | 45 | 8001 | 11051 |
| जौ | 20 | 2750 | 2750 |
| मटरसुखी | 2 | 2180 | 3701 |
| असालीया | 30 | 8460 | 11700 |
| चियाबीज | 34 | 9500 | 16502 |

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में आज होगा कार्यक्रम का आयोजन

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केंद्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्तिथि में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित होगा। कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम कार्यक्रम में सांसद श्री सुधीर गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। मुख्यमंत्री सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री देश और मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों के 49,475 गांव में 58 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण करेंगे। साथ-साथ जिले के 1 लाख से अधिक भू अधिकार अभिलेखों का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वितरण करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा विडियो कांफ्रेस के माध्यम से सम्पूर्ण देश से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे।

# डॉयल 100 सिस्टम संचालन में भी लेंगे एआई की मदद

**भोपाल, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो, इसके लिए डायल- 100 सेवा में काल अग्रेषित (डिस्पैच) करने वालों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इनकी संख्या अभी 24 हैं, जिसे बढ़ाकर 40 किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के माध्यम से आटो डिस्पैच तकनीक को लागू किया जाएगा। इससे डायल-100 वाहन रवाना करने में तेजी आएगी। कॉल सेंटर की अधिकतम क्षमता अभी 80 सीट की है, जिसे 100 किया जाएगा। वाहनों की संख्या भी 1000 से बढ़ाकर चरणबद्ध तरीके से 2000 तक की जाएगी। संचालन करने वाली नई कंपनी के आने के बाद ये सुविधाएं बढ़ेंगी।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा, जो डायल-100 वाहन, काल सेंटर और अन्य संसाधनों की विशिष्टता (स्पेसिफिकेशन) तैयार करेगी। उदाहरण के तौर पर वाहन में बैठने की क्षमता, ग्राउंड क्लियरेंस आदि। इसके बाद वाहनों का संचालन करने वाली कंपनी के चयन के लिए निविदा जारी की जाएगी। सरकार ने बुधवार को डायल-100 सेवा की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को स्वीकृति दी है।



**अभी यह हैं परेशानिया-** ✻ प्रदेश में संचालित हो रहे डायल- 100 वाहनों को नई कंपनी के आने के साथ ही पांच वर्ष में बदला जाना था। नई कंपनी के चयन में चार वर्ष की देरी हो चुकी है, इस कारण वाहनों की हालत खराब है। ✻ अधिकतर वाहन तीन लाख किमी से अधिक चल चुके हैं। ✻ घटनास्थल की जीपीएस लोकेशन बताने वाले एमडीडी बाक्स वाहनों में खराब हो चुके हैं। ✻ 1000 वाहनों में से 100 से 150 हमेशा खराब रहते हैं। ऐसे में लोगों को पुलिस सहायता मिलने में देरी होती है।

# पांच साल का तप और रच दिया इतिहास, इसरो के स्पैडएक्स ने भारत को एलीट क्लब में पहुंचा दिया

**नई दिल्ली, 17 जनवरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने हमें एक बार फिर गर्व से सीना चौड़ा करने का बड़ा मौका दिया है। अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत ने एक और झंडा गाड़ दिया जब इसरो ने गुरुवार, 16 जनवरी को अपना पहला सैटेलाइट डॉकिंग मैन्युवर पूरा कर लिया। यह चंद्रयान-4 और भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के कई मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कई सूत्रों ने इस डॉकिंग मैन्युवर की सफलता की पुष्टि की है। इसरो ने 16 जनवरी, गुरुवार को सुबह 10.25 बजे अपने एक्स पोस्ट में लिखा, 'स्पैडेक्स डॉकिंग अपडेट: डॉकिंग के बाद एक ही ऑब्जेक्ट के रूप में दो उपग्रहों का नियंत्रण सफल रहा। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पावर ट्रांसफर की जांच की जाएगी।'

इस सफलता के साथ, भारत अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के एक खास समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह तकनीक है। हालांकि, इस तकनीक में पूरी तरह से महारत हासिल करने के लिए इसरो को और कई डॉकिंग परीक्षण करने होंगे। 30 दिसंबर को लॉन्च किए गए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (SpaDeX) में दो अलग-अलग लॉन्च किए गए उपग्रहों को लगभग 475 किमी की कक्षा में एक साथ जोड़ा गया। इसके लिए अंतिम आदेश बेंगलुरु में स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क से दिए गए थे।

**सैटलाइट डॉकिंग में सफलता का मतलब समझिए-** उपग्रहों के बीच ड्रिफ्टिंग के कारण इसरो द्वारा SpaDeX को दूसरी बार स्थगित करने के एक दिन बाद 9 जनवरी को अंतरिक्ष यान को धीमी गति से बहाव के रास्ते पर लाने में कामयाब रही। इसरो ने गुरुवार को कहा, '...बहाव को रोक दिया गया है और अंतरिक्ष यान को एक दूसरे के करीब जाने के लिए धीमी गति से बहाव के रास्ते पर रखा गया है। कल (10 जनवरी) तक, इसके प्रारंभिक स्थितियों तक पहुंचने की उम्मीद है। और 12 जनवरी को इसने 15 मीटर तक और फिर 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण किया और फिर उपग्रहों को सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया।' अंतरिक्ष में डॉकिंग एक जटिल प्रक्रिया है और अब तक केवल तीन अन्य देशों ने ही इसमें महारत हासिल की है।

# ग्रीनको प्लांट में एलएनटी कंपनी के मजदूरों की हड़ताल समाप्त, पत्रकारों की भी होगी इंट्री

**मनासा, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तहसील मनासा अंतर्गत रामपुरा क्षेत्र के ग्राम खिमला के समीप बन रहे ग्रीनको प्रोजेक्ट में आए दिन मजदूरों की सुरक्षा एवं प्लांट में काम करते समय मजदूर की मौत को लेकर मजदूरों ने काम बंद कर हड़ताल कर रखी थी। इसी मामले में प्लांट प्रबंधन ने पहली बार अपना पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि प्लांट में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है। ग्रीन को के जनरल मैनेजर तिलक राज शर्मा तथा अमित सोनी ने अपना पक्ष रखा। वहीं तिलक राज शर्मा ने बताया कि बीते दिनों ग्रीन को में जो दुर्घटना का मुद्दा आया था, उसमें टनल के अंदर कुछ मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक टनल के उपर से मलबा गिरने से दो मजदूर घायल हो

गए थे। इनमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का ज्ञानोदय मल्टीस्पेशीलीटि हास्पिटल में उपचार जारी है। मजदूर की मौत के बाद प्लांट में काम कर रहे मजदूरों ने हड़ताल शुरु कर दी। मुआवजे की मांग को लेकर कंपनी के वर्कर हडताल करने लगे। शर्मा ने बताया कि मुआवजा एक प्रक्रिया के तहत दिया जाता है। वैध दस्तावेजों के आधार पर मजदूर के परिजनों को मुआवजा दिया जाता है। मुआवजा देने की प्रक्रिया में



पूरी पारदर्शिता रखी जाती है। मंदसौर के लैबर कमिश्नर के जरिए मजदूर के परिजनों को भुगतान किया जाता है। जब से प्लांट शुरु हुआ तब से यहां कुल 03 मजदूरों की मौत हुई है। पूर्व में हुई दुर्घटना में जिस मजदूर की मौत हुई थी। जिसमें उसके परिजनों को 11 लाख 56 हजार रुपए दे चुके है। हडताल कर रहे मजदूर मुआवजा नहीं देने एवं सुरक्षा की मांग कर रहे थे। लेकिन प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। सभी मजदूरों को बड़े बोर्ड पर सूचना जारी की जावेगी। मजदूरों के लिए एक हेल्फलाइन नबर जारी किया जाएगा मजदूरों के प्रक्षिषण के दौरान क्षेत्र के सभी पत्रकारों को आमत्रित किया जाएगा जिससे पत्रकारों को भी सम्मान मिलेगा। ग्रीन को के अपने सेफ्टी नियम है सेफ्टी इंजीनियर है। इसके अलावा एलएंडटी तथा रितविक (अन्य कंपनियां) जैसी कंपनियों के पास भी अपने सेफ्टी अधिकारी है। प्लांट में एमबीबीएस डॉक्टर को नियुक्ति किया गया है। जो 24 घंटे सेवा देते है। फ़ार्मासिस्ट और डिस्पेंसरी भी है। सुरक्षा के नजरिए से हर बात का ध्यान रखा गया है। जिन 03 मजदूरों की मौत हुई है। उनमें से 02 को मुआवजा दे चुके है जबकि एक मजदूर को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है। उनको भी जल्द मुआवजा दिया जाएगा।



## क्लब में संरचनात्मक और संगठनात्मक कार्य किए जाएंगे-कलेक्टर

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने युवराज क्लब के सदस्यों के साथ क्लब में बैठक कर क्लब की व्यवस्थाओं को ले कर चर्चा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये है। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि, निर्मित दुकानों की जाँच और मूल्यांकन उपरांत नीलामी की प्रक्रिया की जाये। क्लब के संचालन के किए संगठनात्मक सुधार के लिए कार्यवाही शुरू की जाये। क्लब में मासिक गतिविधियों हो, इसके लिए इवेंट कलेंडर बनाए। क्लब में संचालित खेल गतिविधियों की प्रतियोगिता की तैयारी करें और अवगत करवाएं।



## सोनी एवं ऐरा में टीबी मुक्त निक्षय शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी शिविर व निक्षय शिविर के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी मुक्त रथ ग्राम सोनी एवं ऐरा में भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के श्री जगदीश खींची द्वारा टीवी के बारे में जागरूक किया और उन्होंने बताया कि टीवी से कैसे बचा जाए एवं टीवी के क्या लक्षण होते है। चलने में सांस भर आना, लगातार खांसी चलना, भूख नहीं लगाना, वजन कम होना, रात को पसीना आना, रात्रि में बुखार आना यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं। ग्राम वासियों से उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा नि:शुल्क एक्सरे किया जा रहा, आप सभी को अपना एक्सरे करावाना जरूरी है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग का लक्ष्य है की कोई भी गांव का व्यक्ति आयुष्मान से वंचित न रहें और 70 वर्ष के सभी ग्राम वासियों को आयुष्मान कार्ड जरूर बनवाना हैं। निक्षय शिविर में गांव के कई गणमान्य नागरिक और गांव के सरपंच श्रीमती संतोष बाई मेघवाल, स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. श्री जितेंद्र पाटीदार, एक्सरे टेक्निशियन श्री महेश सिंगाडिया, डॉ. सीताराम गौड और श्री अनिल शर्मा, आशा सहयोगिनी कविता बैरागी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी उपस्थित थे।



## स्काउट गाइड द्वितीय सोपान जांच शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड जिला मंदसौर के तत्वाधान में पूरे जिले में द्वितीय सोपान का आयोजन किया गया। जिसका समापन कार्यक्रम 17 जनवरी को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मंदसौर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी, विशेष अतिथि डॉ. आशीष खिमेसरा मंदसौर, डॉ. विजय राठौर मल्हारगढ जिला रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, वरिष्ठ लेखपाल राकेश पुरोहित उपस्थित थे। अध्यक्षता विकासखंड आयुक्त एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनंद डाबर ने की। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना शर्मा शिविर संचालक चंद्रसेन गोराना, सहायक शिविर संचालक मांगीलाल गौड़, मोहम्मद उमर शेख, इफ्तिखार खान, क्वार्टर मास्टर मोहनलाल सिंधी अकेला आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्काउट के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत शिविर के प्रभारी द्वारा किया गया। अतिथियों ने द्वितीय सोपान स्काउट गाइड जांच शिविर के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार में भाग लेने का आह्वान किया एवं सभी स्काउट गाइड से अनुशासन और सेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिनके प्रमाण पत्र और विजेताओं को मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम मंर भानपुरा विकासखंड स्काउट प्रभारी हरीश नामदेव और मजहर अली ने प्रमाण और मेडल प्राप्त किए। गरोठ के मेडल और प्रमाण पत्र पितर भूरिया ने प्राप्त किये सीतामऊके प्रमाण पत्र और मेडल शैलेंद्र सिंह पवार ने प्राप्त किया मल्हारगढ के प्रमाण पत्र सुखदेव बोरीवाल ने प्राप्त किए। मंदसौर के प्रमाण पत्र मोहम्मद उमर शेख की टीम ने प्राप्त किए। द्वितीय सोपान शिविर की रिपोर्ट रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव ने प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन इत्तेखार खान ने किया। आभार प्रदर्शन जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने किया।

# ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करवाएं-चंद्रा

**कलेक्टर ने देवरीखवासा, बड़कुआ, बरथून में राजस्व महाअभियान की प्रगति का जायजा लिया**

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व अमला घर-घर संपर्क कर, शेष किसानों की ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करवाएं। साथ ही नक्शा बंटकान का कार्य भी पूर्ण करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान गांव बड़कुआ, देवरी खवासा और बरथून में ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद



डामोर, एसडीएम श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री बी.के.मकवाना व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि वे शेष रहे सभी किसानों की खसरा ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य एक सप्ताअह में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्वी अमले से शिविर में अब तक किए गए ई-केवायसी, फार्मर रजिस्ट्री एवं बंटाकन कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

**बड़कुआ में उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण-** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को ग्राम बड़कुआ में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर, उपचार सुविधाओं का जायजा लिया। उन्हो्ने सीएचओ से दवाईयों की उपलब्धता एवं वितरण, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत टी.बी.मरीजों की जाँच, एक्सरें एवं दवाई वितरण, पदस्थ स्टॉफ आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने गांव के शतप्रतिशत संभावित टी.बी.मरीजों की जाँच कर आवश्यकतानुसार उपचार मुहैया कराने के निर्देश भी दिए।

## राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद का संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'जिज्ञासु एवं मुमुक्षु' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दिनांक 19 जनवरी 2025, रविवार को प्रात: ठीक 10.30 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर पर रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।

## आबादी क्षेत्र में निवासरत परिवारों को अब स्वत्वाधिकार प्राप्त होगा

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि, शासन की इस महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत मन्दसौर में 889 ग्रामो को सम्मलित किया गया जिसमें मन्दसौर ग्रामीण में 116, मन्दसौर नगर में 39, सीतामऊ में 160, सुवासरा में 75, शामगढ में 93, गरोठ में 98 भानपुरा में 79 एवं मल्हारगढ में 169 ग्राम सम्मलित है। इन ग्रामो में वर्ष 25 सितम्बर 2018 से पूर्व में निवासरत समस्त परिवारों को सम्पत्ती कार्ड दिया जा रहा है।

पात्र परिवारों की संख्या मन्दसौर जिले में 2,22,065 (दो लाख बाईस हजार पैसठ) है जिन्हे आबादी क्षेत्र में उनकी सम्पत्ती का प्रापर्टी कार्ड 18 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति एवं मन्दसौर क्षेत्र के लोकसभा सासंद श्री सुधीर गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में प्रदान किया जावेगा। स्वामित्व कार्ड वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊठाकरे महू नीमच रोड मन्दसौर में आयोजित होना है। इसके अतिरिक्त भी प्रत्येक विकासखण्ड व जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में भी दिनांक 18/01/2025 को यह सम्पत्ती कार्ड का वितरण एक साथ रखा जावेगा। साथ ही 'मेरी पंचायत मेरा एप' का प्रशिक्षण भी उक्त स्वामित्व योजना में सम्पत्ती कार्ड वितरण के दौरान किया जावेगा। जहां 2,22,065 (दो लाख बाईस हजार पैसठ) परिवार लांभावित जो कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार राशि रुपये 27514102178 (करोड में) की सम्पत्ती का हित लाभ भी हितग्राहियों को वितरण किया जावेगा।

## कल भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य श्री ज्ञानानंदजी तीर्थ लदूसा में देंगे प्रवचन

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान लक्ष्मीनारायण (श्री सांवलिया सेठ) मंदिर लदूसा की तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंदिर समिति एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा दिनांक 14 से 20 जनवरी तक भव्य धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। श्री सांवलिया सेठ मंदिर प्रांगण लदूसा में हो रहे सभी कार्यक्रमो में बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे है।



उक्त जानकारी देते हुए महेश व्यास लदूसा ने बताया कि उक्त आयोजनों के तहत आज 18 जनवरी को परम पूज्य गुरूदेव पं. श्री राजेन्द्रजी जोशी द्वारा चल रही प्रवचन माला का विराम होगा। तथा 19 जनवरी को सायं 6 बजे भानपुरा पीठाधीश्वर अनंत विभूषित श्री शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ के मुखारविंद से प्रवचन दिये जायेंगे। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात् सायं 7.30 बजे आरजे-35 टीम के कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 20 जनवरी को प्रात: 9 बजे हैलीकाप्टर द्वारा मंदिर परिसर में पुष्पवर्षा की जाएगी। प्रात: 11.30 बजे तीन छत्री बालाजी व्यायाम शाला मंदसौर के पहलवानों द्वारा महंत श्री रामकिशोरदास महाराज के सानिध्य में भव्य अखाडें का प्रदर्शन किया जाएगा। दोप. 12.30 बजे यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री सांवलिया सेठ मंदिर समिति लदूसा एवं समस्त ग्राम वासियों ने सभी धर्मालुजनों से उक्त सभी आयोजनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## एडीएम द्वारा गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत छह वाहन राजसात

**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा थाना जीरन के अपराध क्रं. 375/2023, म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज एक प्रकरण में वाहन क्र.आर.जे.19जी.डी.0799, वाहन क्रं.आर.जे.21जी.सी.8855, वाहनक्रं. आर.जे.06जी.ए.9718 एवं आर.जे.21जी.डी.5199 उसमें परिवहन कर, ले जाए जा रहे कुल 70 नग बैल एवं अपराध क्र. 258/2024 में वाहन आयशर क्र.पी.बी.05ए.एस.9691 उसमें परिवहन कर, ले जाए जा रहे 12 नग गाय (गौवंश) को शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया है। इसी तरह थाना जावद के अपराध क्र. 95/2024, म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज एक प्रकरण में वाहन पिकअप क्र. एम.एच.19सी.एक्सह.0534, उसमें परिवहन कर, ले जाए जा रहे कुल 6 नग केड़े (गौवंश) को शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया है।

# आर्य समाज मंदिर में आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज

**मंदसौर, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मंदिर तरणताल के सामने दूसरी मंजिल मंदसौर में आज 18 जनवरी शनिवार को प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैद्य ओमप्रकाश देवासी एवं थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी। आर्य समाज में यह शिविर हर माह की 18 तारीख को लगाया जाता है।

इस शिविर में जर्मन टेक्नोलॉजी बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच करके बीमारियों का पता लगाकर देशी दवाइयों व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा, बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज, माइग्रेन, थायराईड, शुक्राणु की कमी, पीलिया, कोलेस्ट्रोल, हृदय रोग, स्वपन दोष, हाइट न बढ़ना, चर्म रोग, वजन का घटना व बढ़ना आदि सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा। शिविर में निसंतान दंपति भी सम्पर्क कर सकते है। मंदसौर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से 18 जनवरी को आयोजित इस आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये मो.नं. 8003708162 पर सम्पर्क कर सकते है।

# कलेक्टर ने बड़कुआ के खेतों में फसलों का अवलोकन किया





**नीमच, 17 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को मनासा क्षेत्र के गांव बड़कुआ में प्रगतिशील किसान श्री मदनलाल कछावा के खेत पर जाकर उनके द्वारा उन्नत कृषि तकनीक से औषधीय फसलों, अश्वगंधा, सफेद चिया सीड, इस लाल किनोवा, लहसुन, प्याज आदि फसलों को मौके पर अवलोकन कर किसान से फसलों की लागत, उत्पादन एवं लाभ के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने प्रगतिशील किसान श्री कछावा द्वारा जैविक खाद निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और उप संचालक कृषि को निर्देश दिए, कि वे जिले के अन्य किसानों को श्री मदनलाल कछावा के खेत का भ्रमण करवाकर औषधीय फसलों की उन्नत खेती के बारे में जागरूक करें। किसान श्री कछावा ने बताया, कि उन्होंने 2 बीघा में अश्वगंधा की फसले लगाई है, जिस पर लगभग 25 हजार रूपये का खर्च आया है। अश्वगंधा का उत्पादन लगभग 10 क्विंटल होने की संभावना है। इससे उन्हें अच्छे दाम मिलेगे और लगभग चार से पांच लाख रूपये की आमदनी होगी।

**प्राचीन कल्प वृक्ष का अवलोकन-** इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रा ने अधिकारियों के साथ-साथ चपलाना में अति प्राचीन कल्पवृक्ष का अवलोकन किया और ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों से कल्पवृक्ष का महत्व, धार्मिक महत्व, विशेषताएं आदि के बारे में चर्चा की। कलेक्टर ने कल्प वृक्ष के समीप स्थित पुरानी जीर्णशीर्ण बावड़ीको दुरूस्त करवाने के लिए भी निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, एसडीएम श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री बी.के.मकवाना व अन्यो अधिकारी उपस्थित थे।

## मंदसौर पुलिस टीम को 50 हजार... पेज 1 से जारी

दर्ज किया। इसके बाद टीम गठित की गई। आरोपियों को बिहार और पश्चिम बंगाल से पकडक़र मंदसौर लाया गया। टीम द्वारा विशेष प्रयास कर अज्ञात आरोपियों की पतारसी की, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 23 लाख 31 हजार 400/- रूपये, 11 मोबाइल फोन, 38 मोबाइल सिम कार्ड, 30 एटीएम कार्ड तथा 14 बैंक पासबुक जप्त की गई थी।

**यह थी पुलिस टीम-** पुलिस टीम में कार्यवाहक निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौर थाना प्रभारी कोतवाली जिला मंदसौर, उ.नि अभिषेक बौरासी जिला मंदसौर, उ.नि विनय बुंदेला जिला मंदसौर, उ.नि. मूलचंद धाकड जिला मंदसौर, कार्य. उ.नि. संजय प्रताप सिंह जिला मंदसौर, कार्य. प्रआर. आशीष बैरागी जिला मंदसौर, कार्य. प्रआर हरीश यादव जिला मंदसौर, कार्य. प्रआर रमीज राजा जिला मंदसौर, आरक्षक मनीष बघेल जिला मंदसौर, आरक्षक गौरव सिकरवार जिला मंदसौर, आरक्षक हरीश राठौर जिला मंदसौर, आरक्षक दीपक मीणा जिला मंदसौर, म.आर. शानु राठौर शामिल थे।


### ✻✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻✻

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोनिका पुरगानी पति लक्की मूलचंदानी ने अपना नाम परिवर्तन कर दिया मूलचंदानी पति लक्की मूलचंदानी कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम दिया मूलचंदानी पति लक्की मूलचंदानी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता-बी-05, सुंदरम विहार, नियर अम्बा पैलेस, मंदसौर (म.प्र.) 458001**

### राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 92/2025 दिनांक 16.01.2025

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

**सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मंगलदास पिता महावीरदास, जाति बैरागी, निवासी ग्राम पिपल्याजोधा, तहसील जावरा, जिला रतलाम से आवासीय मकान क्रमांक 46/2, पटवारी हल्का नं. 01 पर दर्ज होकर पता- ग्राम पिपल्याजोधा, तहसील जावरा, जिला रतलाम उनके हक और हिस्से स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 319532022ए1390032 दिनांक 12.04.2022 से मेरे पक्षकार कंचनबाई पति मंगलदास, जाति बैरागी, निवासी ग्राम पिपल्याजोधा, तहसील जावरा, जिला रतलाम के पक्ष में उप पंजी कार्यालय जावरा में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-**

**पूर्व में-कृष्णदास पिता महावीरदासजी का मकान, पश्चिम में-शंभुलाल पिता उंकारलालजी का मकान, उत्तर में-गली, दक्षिण में-आम रास्ता, पैमाईश रकबा-864 वर्ग फीट या 80.27 वर्ग मीटर,**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।**

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in